## सार-समाचार

### 'विद्यार्थी नशे के चंगुल में फंस रहे हैं'

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को अलवर के मोती डूंगरी पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रदेश की मौजूदा स्थिति को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहे हैं, कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और अब हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि कम उम्र के बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। जूली ने कहा कि सरकार की लापरवाही और कमजोर नशा-नियंत्रण नीति के कारण समाज में नशे का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थी तक नशे के चंगुल में फंस रहे हैं, लेकिन सरकार आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन केवल दिखावटी कार्रवाई करता है, जबकि असली नेटवर्क फल-फूल रहा है। जूली ने कहा कि प्रदेश में अपराध का ठााफ लगातार बढ़ रहा है। लूट, चोरी, बलात्कार और हत्या जैसे मामलों में दिन-प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि जब जनता सुरक्षा की उम्मीद सरकार से करती है, तब सरकार सिर्फ घोषणाओं और विज्ञापनों में व्यस्त दिखाई देती है। जूली ने कहा कि सडक़ों की हालत बदहाल है, गांवों में विकास कार्य ठप पड़े हैं, और आमजन को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं बल्कि प्रचार और दिखावे की सरकार बनकर रह गई है। उन्होंने जैसलमेर बस हादसे का भी जिक्र किया, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं सरकार की नाकामी को उजागर करती हैं। हादसे के बाद सरकार मुआवजे की घोषणा पर सोचती है। लेकिन हादसों के असली कारणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती। जूली ने कहा कि आज हालात इतने खराब हैं कि राजस्थान का युवा दिशा भटक रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और नशे का मिला-जुला असर समाज को खोखला कर रहा है। ''कम उम्र के बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जो आने वाले भविष्य के लिए बेहद चिंताजनक संकेत है,'' उन्होंने कहा कि वह इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे ताकि सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सके। उन्होंने कहा कि कांठोस इस मामले को सडक़ से लेकर सदन तक ले जाएगी और जब तक नशा माफिया और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक चैन से नहीं बैठेगी। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को सिर्फ जुमले और खोखले वादे दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने उम्मीदों के साथ भाजपा को सत्ता सौंपी थी, लेकिन अब हर वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। जूली ने कहा कि कांठोस हमेशा जनता की आवाज रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियों को उजागर करना ही वास्तविक सेवा है।

### विवाहिता की हत्या का मामला दर्ज

**निवाई।** मूंडिया की बाडा की ढाणी थाना सदर निवाई निवासी रामजीलाल पुत्र प्रहलाद मीणा ने दहेज की मांग को लेकर उसकी बहिन मनीषा का उसके पति जीतराम मीणा, सास संतोष मीणा व ननद रेखा मीणा के खिलाफ हत्या करने का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि रामजीलाल मीणा ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी बहिन की शादी इसी वर्ष मार्च महिने में बाडा की ढाणी भगवतपुरा में जीतराम मीणा के साथ हुई थी। जिस पर उसके पति जीतराम मीणा, सास संतोष मीणा व ननद रेखा मीणा ने उसकी बहिन से दहेज की मांग करते थे और उसके साथ मारपीट भी करते थे। जिससे वह बीमार हो गई। उसका ईलाज पीहर में लाकर करवाया। 19 अक्टूबर को उसका पति उनके घर आया और माफी मांगते हुए मनीषा को अपने साथ ले गया। ससुराल ले जाने के बाद उसका पति जीतराम फिर दहेज की मांग को लेकर उसके साथ लडाई-झगडा करने लगा। 20 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे सूचना मिली की मनीषा की मौत हो गई। सूचना पर हम परिवारजन मनीषा के ससुराल पहुंचे जहां उसके ससुराल वाले दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने मनीषा का शव देखा तो उसके गले पर रस्सी के निशान दिखाई दिए। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उप जिला अस्पताल में लाकर पोस्ट मार्टम करवाया और शव को पीहर पक्ष को सौंप दिया। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### पावटा में धूमधाम से मनाया गोवर्धन पर्व

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में दीपावली का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान चारों तरफ इमारतें और घर रंग-बिरंगी लाइट और दीयों से रोशन नजर आए। वही घरों, मंदिरों को दीपों से सजाया गया। धनतेरस से लेकर बड़ी दीपावली तक देर रात तक लोगों ने पटाखे छोड़ कर पर्व की खुशिया मनाई। आसमान पर रंग-बिरंगी रोशनी का नजारा देखते ही बन रहा था। इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित थे। लक्ष्मी पूजन के बाद लोगों ने मिठाइयां खाई। दीपावली के अगले दिन परेवा-गोवर्धन पूजा होती है। इस बार ऐसा नहीं हो हुआ व परेवा एक दिन बाद यानी तीसरे दिन बुधवार को नगर सहित ठाामीण क्षेत्रों में गोबर्धन पूजा (अन्नकूट) का पर्व महिलाओं ने श्रद्धा से मनाया। मंदिरों, घरों और गोशालाओं में गोबर का गोवर्धन बनाकर शाम को विशेष पूजा-अर्चना की गई। जगह-जगह अन्नकूट के भंडारे आयोजित करके श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। यह अन्नकूट गोवर्धन पूजा घर में अन्नधन और सुख समृद्धि बने रहने के लिए लोग करते हैं। इस पूजा में भगवान श्री कृष्ण की अराधना व पूजा की जाती है। वही मंदिरों मे अन्न कूट का भोग लगाकर श्रद्धालुओ द्वारा प्रसाद जमीन पर पंक्तियों में बैठ कर श्रद्धापूर्वक ठाहण किया गया। गोवर्धन की पौराणिक कथा पौराणिक कथा के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के घमंड को तोड़ने व गोकुलवासियों की उनके प्रकोप से रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को आज ही के दिन छोटी उंगली पर उठाया था। जिसके बाद इंद्रदेव ने उनसे क्षमा याचना की थी। वही दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर उपखंड पावटा में व्यापारियों व जनता के सहयोग से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने व यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न करवाने में वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिससे आमजन ने त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में खुशी पूर्वक मनाया।

# जनता का स्नेह और विश्वास ही मेरा सबसे बड़ा संबल : जवाहर सिंह बेढम

- गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने गोवर्धन पर्व पर नगर में बाजार में व्यापारियों को दुकानों पर जाकर दी दीपोत्सव की बधाई

**डीग।** पंच दिवसीय दीपोत्सव के पावन अवसर पर, राजस्थान सरकार में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने बुधवार को डीग जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र नगर का दौरा किया। इस दौरान वह पारंपरिक उत्सवों में भाग लेकर आमजन से रूबरू हुए और शहीदों को नमन कर समाज के प्रति अपना आभार और भावनात्मक जुड़ाव प्रकट किया।

गृह राज्य मंत्री बेढम ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर नगर कस्बे के मुख्य बाजारों में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यापारी और दुकानदार से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और उन्हें दीपोत्सव की बधाई दी।

इस आत्मीय संवाद के दौरान उन्होंने व्यापारियों से उनकी दीवाली कैसी रही, इस बारे में जानकारी ली और उनके व्यापार की समृद्धि की कामना की। बाजारों में मंत्री को अपने बीच पाकर व्यापारी भी अभिभूत नजर आए।



लोगो को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढम

भारतीय संस्कृति में गोवर्धन पूजा के महत्व को रेखांकित करते हुए गौपालन राज्य मंत्री बेढम ने गौशाला में विधि-विधान से गौ-माता की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने हाथों से गाय को तिलक लगाया, माला पहनाई और चारा खिलाकर पूजा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गौ-माता हमारी आस्था, संस्कृति और ठाामीण अर्थव्यवस्था का आधार हैं। उनकी सेवा करना हमारा परम धर्म है। आज इस पवित्र दिन पर मैंने गौ-माता से समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। अपने भ्रमण के दौरान बेढम ने अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। गृह राज्य मंत्री बेढम ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद, यह सम्मान, यह सब इसी समाज और आप लोगों के आशीर्वाद की देन है।

मैं आज यहां एक मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि आपके परिवार के एक सदस्य के तौर पर आपकी खुशियों में शामिल होने और आपके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने आया हूँ। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमारी सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं।

### दीपावली उल्लास, उमंग के साथ मनाई

**मनोहरपूर।** स्थानीय कस्बे सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मे मनाया गया । शुभ मुहूर्त पर पूजा अर्चना कर सुख शांति व भारत देश की सलामती की कामनाएं की गई इसके बाद रामा श्यामा व सेल्फ़ी का दौर चला जोकि देर रात्रि तक चला बस स्टैंड से लेकर गांधी चौक तक पूरा बाजार रोशनी से जगमगा उठा। हर गली, हर दुकान पर दीपों और झालरों की चमक ने मानो स्वर्गिक नज़ारा बना दिया। इसी दौरान थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा मय जाप्ता क्षेत्र में निकले और व्यापारियों से मुलाकात की। व्यापारियों ने अपने बीच पहुंचे थाना प्रभारी का राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत हुआ तो तालियों की गड़गड़ाहट से बाजार गूंज उठा। इस अवसर पर एएसआई राजेश सहित पुलिस टीम मौजूद रही। व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष डी.के. सोनी और समाजसेवी विमल केशुका ने भी थाना प्रभारी का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। दीप, पटाखे, लाइटों की लड़ी और रंग-बिरंगी फेरियों से सजा बाजार आकर्षण का केंद्र बना रहा। हर व्यापारी ने अपनी दुकान को विशेष रूप से सजाया।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए आमजन से सहयोग की अपील

**कोटपूतली-बहरोड़।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए आयोग द्वारा ठोडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान ( का चरण-2 लागू किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कोटपुतली-बहरोड़ राजकुमार सेहरा ने बताया कि कोटपुतली-बहरोड़ क्षेत्र, जो एनसीआर का हिस्सा है, में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रदूषण नियंत्रण की व्यापक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि इसके तहत सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन से सफाई एवं नियमित वाटर स्प्रिंकलिंग। निर्माण स्थलों पर ठाीन नेट, कवरिंग,स्मोग गन और धूल नियंत्रण उपायों को अनिवार्य किया गया है. औद्योगिक इकाइयों में कोयले के स्थान पर स्वच्छ ईंधन (/बायोफ्यूल) का प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। कचरा, पत्तियाँ या अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। नगर निकाय एवं रीको द्वारा खुले कचरा स्थलों की निगरानी और नियमित सफाई की जा रही है यातायात विभाग द्वारा वाहनों की जाँच और अत्यधिक धुआँ उत्सर्जन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है – इसमें जनता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। अतः क्षेत्र के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने घरों, खेतों या सड़कों पर कचरा, पत्तियाँ या प्लास्टिक न जलाएँ। निजी वाहन का प्रयोग कम करें, जहाँ संभव हो साझा वाहन या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें.निर्माण कार्य में धूल फैलने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव करें और सामठाी को ढककर रखें। अपने वाहनों की नियमित सर्विसिंग एवं प्रमाणपत्र अद्यतन रखें।हरियाली बढ़ाने और वृक्षारोपण में सहयोग करें। डीजल जनरेटर पर किट की स्थापना/संचालन सुनिश्चित करें, तथा अत्यधिक आवश्यकता पर ही उपयोग करें। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि कोटपुतली-बहरोड़ क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इस दौरान विशेष निगरानी दल गठित किए गए हैं, जो औद्योगिक इकाइयों, निर्माण स्थलों एवं खुले क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण कर रहे हैं।

### अलवर शहर रोशनी से जगमगाया

**अलवर।** पांच दिवसीय दीपोत्सव के मौके पर इस बार अलवर शहर रोशनी से जगमगा उठा। धनतेरस की शाम शहर की लाइटिंग का उद्घाटन होप सर्कस से अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने बटन दबाकर किया। जैसे ही लाइटिंग शुरू हुई, तो मानो पूरा शहर अलग-अलग रंगों की रोशनी से नहाया हुआ हो। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार शाम 6.30 बजे होप सर्कस से हुई। सडक़ों पर तीन रंगों की लडिय़ां लगाई गई हैं, जिससे शहर का मुख्य बाजार आकर्षक रोशनी में निखर उठा। घंटाघर को भी विशेष रूप से सजाया गया है और होप सर्कस पर अलग-अलग रंगों की लाइटें लगाई गई हैं। वहीं, नंगली सर्किल और बिजली घर सर्किल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जहां लोग तस्वीरें खिंचवाने पहुंच रहे हैं।

होप सर्कस की ऊंचाई से बाजार का नजारा बेहद मनमोहक दिखाई दे रहा है। खरीददारों के साथ-साथ लोग लाइटिंग की जगमगाती तस्वीरें देखने के लिए भी बाजार में उमड़ रहे हैं। व्यापारी महासंघ के जिला अध्यक्ष रमेश जुनेजा ने बताया कि लाइटिंग की तैयारी में कई व्यापारी साथी और संरक्षक जुड़े रहे, जिससे इस बार शहर में बेहतरीन सजावट की गई है।

### एस एल टावर प्रथम स्थान पर

**शाहपुरा।** दीपावली पर्व पर शहर में शाहपुरा व्यापार महासंघ की ओर से सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका एसडीएम संजीव कुमार खेडड के निर्देशन में थानाप्रभारी हेमराज सिंह गुर्जर,नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, राजेंद्र पलसानिया, श्याम सुंदर राज जोशी, महावीर माऊरामका, महेंद्र कुमार सैनी, औद्योगिक संघ अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव व नारायण सैनी व अन्य ने अवलोकन किया। बुधवार को प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में हनुमंत प्लाजा व एस एल टावर ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान,द्वितीय स्थान पर पवन भगेरिया ने प्राप्त किया।

### ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार

**नारायणपुर ।** कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशन में बुधवार को स्थानीय थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए पांच जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 20 हजार 530 रुपए की नगद राशि भी बरामद की है। थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बे में दो अलग-अलग जगहों पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर जुआ खेल रहे हैं। इस पर थाना अधिकारी के नेतृत्व में लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत विशेष अभियान चलाते हुए दो टीमें गठित की गईं। पहली टीम ने जोधपुरा गांव में दबिश देकर तीन जुआरियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान मामराज (52) पुत्र रघुनाथ जाति बलाई, बिहारी लाल (70) पुत्र घासीराम जाति बलाई तथा नंदराम यादव (65) पुत्र भौराराम यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से नगद राशि और ताश के पत्ते बरामद किए।

# पथराव करने वाले 27 आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिले के बयाना कस्बे में दीपावली के त्यौहार के दिन लगभग 150 लोगों ने जमीन विवाद को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन अचानक लोगों ने भरतपुर-करौली स्टेट हाईवे पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। जाम की सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश करने लगी तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला करते हुए पथराव कर दिया था। प्रदर्शनकारियों के पथराव से पुलिस की दो गाड़ियां क्षितठास्त हो गई और कई पुलिस कर्मियों को चोट आई थी। हंगामा और पुलिस पर हमला करने वाली यह वारदात कैमरे में कैद हो गई जिसके वीडियो वायरल हो रहे है।

पुलिस पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ आज पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 27 लोगों को गिरफ्तार किया है साथ ही दो नाबालिगों को दस्तयाब किया है। पुलिस ने दो महिलाओं को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस थाने के अंदर गिरफ्तार किये गए आरोपी हाथ जोड़कर माफ़ी मांगने लगे और कहने लगे की आज के बाद पुलिस पर हमला नहीं करेंगे।

गौरतलब है की भरतपुर के गढ़ी बाजना थाना क्षेत्र के गाँव सेउपूरा में विगत 20 अक्टूबर को दिवाली त्यौहार के दिन जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। उसके बाद एक पक्ष अपने रिश्तेदारों और ठाामीणों की लगभग 150 से ज्यादा की संख्या में भीड़ इकट्ठी कर बयाना ज्ञापन देने के लिए आये थे। यहाँ भीड़ ने भीमनगर तिराहे पर चक्का जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे।

कानून व्यवस्था बनाये रखने और प्रदर्शनकारियों को समझाइश करने के लिए जब पुलिस अधिकारी टीमों के साथ पहुंचे तो लोगों ने पुलिस पर हमला शुरू करते हुए पथराव कर दिया। इस हमले में पुलिस की दो गाड़ियां क्षितठास्त हो गई साथ ही कई पुलिस कर्मी घायल हुए थे।

बयाना थाना के एएसआई बिजेंद्र सिंह ने बताया की 20 अक्टूबर को दिवाली के दिन सैकड़ों की संख्या में लोगों ने स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया था द्य प्रदर्शनकारियो ने पुलिस पर पथराव किया। जिसमे पुलिस की गाड़ियां क्षितठास्त कर दी और कई पुलिस कर्मी चोटिल हुए थे।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) सुभाष सिंह राघव पुत्र स्व0 श्री महावीर सिंह राघव (2) ललिता राघव पत्नी श्री सुभाष सिंह राघव, निवासीगण:-18-ए, लक्ष्मी विहार डी, गांधी पथ पश्चिम, लालरपुरा, जयपुर का पुत्र नकुल सिंह राघव पुत्र श्री सुभाष सिंह राघव उम्र 41 वर्ष, निवासी:-18-ए, लक्ष्मी विहार डी, गांधी पथ पश्चिम, लालरपुरा, जयपुर मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नही है तथा मेरे अभिभाष्यगण की बात नही मानता है तथा मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र काफी समय से मेरे अभिभाष्यगण से अलग रह रहा है, जिससे मेरे अभिभाष्यगण काफी दुखी है और अपने पुत्र नकुल सिंह राघव को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुये उनसे अपने सम्बंध समाप्त कर लिये है। आज से पूर्व किसी से भी किया हुआ लेन देन व भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र से कोई लेन देन करेगा, या सम्बंध रखेगा तो स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सूचित रहे।
जयपुर (तेज प्रताप सिंह शेखावत) एडवोकेट
दिनांक मो.नं. 7665564644

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/838
चूंकि प्रार्थी श्री SADHANA BHARGAVA, A 117 VIDHYUT NAGAR AJMER ROAD JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति, MANDIR PARISAR, SHRI SIDHESHWAR MAHADEV, VIDHYUT NAGAR-A, AJMER ROAD JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22/12/2025
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/817
चूंकि प्रार्थी श्री LOVENDRA SINGH SHEKHAWAT, 44, NIRMAL NAGAR VISTAR-A, BOYATAWALA LUNAWAT CHEMBAR, BAINAD ROAD JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास वेदगौशाला गुरुकुलम ट्रस्ट, 44, NIRMAL NAGAR VISTAR-A, BOYATAWALA LUNAWAT CHEMBAR, BAINAD ROAD JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24/12/2025
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/818
चूंकि प्रार्थी श्री CHANDRA SHEKHAR KOOLWAL, LIG 11, OPPOSITE A 43, LS NAGAR NAYA KHERA VIDYADHAR NAGAR JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास सुवासा फॉर एनिमल, G1/42, RIICO INDUSTRIAL AREA, BINDAYAKA JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24/12/2025
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**कार्यालय आवासीय अभियंता राजस्थान आवासन मण्डल**
2A-1 एस.टी.सी. योजना भरतपुर (Email Id- rebharatpur.rhb@rajasthan.gov.in) (Ph. No.- 05644-223672)
क्रमांक :- 472 दिनांक :- 14.10.2025
**आवश्यक सूचना**
आवास संख्या 1-G-10 आवासीय योजना S.T.C. हाउसिंग बोर्ड, भरतपुर जो कि श्री खेमचंद बंसल पुत्र श्री हीरालाल को आवंटन पत्र संख्या 141 दि 17.03.1992 के द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त आवास का कब्जा दिनांक 27.04.1992 को प्राप्त कर लिया गया। मूल आवंटी श्री खेमचंद बंसल द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये इकरारनामा, मुख्त्यारआम एवं वसीयतनामा द्वारा श्रीमती कुसुमलता पत्नी श्री चंदन सिंह को दिनांक 05.05.1995 के द्वारा कर दिया गया। नियमितिकरण से पूर्व क्रेता आवंटी श्रीमती कुसुमलता की मृत्यु होने के पश्चात उनके पुत्र श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री चंदन सिंह द्वारा आवास को मृत्यु पश्चात अपने नाम हस्तान्तरण एवं नियमितिकरण कराने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं नियमानुसार शुल्क जमा करा दिया गया है। उक्त आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र आवासन मण्डल, खण्ड भरतपुर के कार्यालय पत्र क्रमांक 720 दिनांक 25.10.2021 के द्वारा क्रेता श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री चंदन सिंह के पक्ष में कर दिया गया। उक्त आवास का पंजीयन प्रपत्र दि. 05.06.2024 को श्री कृष्ण कुमार के नाम जारी कर दिये गये। श्री कृष्ण कुमार द्वारा उक्त आवास संख्या 1-G-10 का बेचान जरिये बयनामा श्रीमती लक्ष्मी फौजदार पत्नी श्री अशोक कुमार, निवासी 1-G-14 S.T.C. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, भरतपुर के पक्ष में पंजीयक कार्यालय भरतपुर में दिनांक 24.06.2024 को पंजीकृत करा दिया गया। श्रीमती लक्ष्मी फौजदार द्वारा आवास को अपने नाम हस्तान्तरण, मण्डल के रिकॉर्ड में दर्ज कराने हेतु प्रपत्र एवं नियमानुसार शुल्क जमा करा दिया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति के द्वारा यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 1-G-10 आवासीय योजना S.T.C. हाउसिंग बोर्ड, भरतपुर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई एवं अन्य किसी रिश्तेदार, व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासन मण्डल, खण्ड भरतपुर में अपना एतराज लिखित मे प्रस्तुत करें। उक्त म्याद पश्चात उक्त आवास की लीज हस्तान्तरण की कार्यवाही श्रीमती लक्ष्मी फौजदार के नाम मण्डल द्वारा कर दी जावेगी।
आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भरतपुर

**कार्यालय नगर परिषद, टोंक**
कंमाक :- एमसीटी/2025-26/9391 दिनांक :- 16.10.2025
**इश्तेहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा पटटा बनवाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

| क0 सं0 | नाम पिता/पति | कॉलोनी | साईज | भूखण्ड संख्या | पट्टे की श्रैणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहन लाल सैनी व रमेश चन्द सैनी/अम्बालाल सैनी | विवेकानन्द कॉलोनी | 150 वर्गगज | 03 | कृषि भूमि |
| 2. | धर्मराज चौधरी/सीताराम चौधरी | भगवती नगर | 70 वर्गगज | 77 | कृषि भूमि |
| 3. | धनराज चौधरी/सीताराम चौधरी | भगवती नगर | 53.33 वर्गगज | 76 | कृषि भूमि |
| 4. | रेखा साहू/प्रदीप साहू | बम्बोर रोड़ टोंक | 272 वर्गगज | 16 | कृषि भूमि |
| 5. | लाडले मियां/नाथू खां | अम्बेडकर कॉलोनी | 177.77 वर्गगज | – | कृषि भूमि |
| 6. | रतन लाल बैरवा/रामजी लाल बैरवा | विधा विहार | 200 वर्गगज | 110,111,140,141 | कृषि भूमि |
| 7. | अहमददीन/सद्दन खां | गोविन्द विहार | 150 वर्गगज | 20 | कृषि भूमि |
| 8. | अहमददीन/सद्दन खां | महावीर नगर | 150 वर्गगज | 62 | कृषि भूमि |
| 9. | सितारा/पीर मोहम्मद | अम्बेडकर कॉलोनी | 158.06 वर्गगज | – | कृषि भूमि |
| 10. | पीर मोहम्मद/नाथु खांन | अम्बेडकर कॉलोनी | 133.33 वर्गगज | 19 | कृषि भूमि |
| 11. | जमीला/शहजादा | महावीर नगर | 177.77 वर्गगज | – | कृषि भूमि |
| 12. | श्रीमती नन्नी बी/अलीमुदीन | अम्बेडकर नगर | 200 वर्गगज | 12 | कृषि भूमि |
| 13. | नूरद्दीन खां/जुम्मा खां | वैशाली नगर | 216.66 वर्गगज | 2 | कृषि भूमि |
| 14. | नगीना/शरीफ | अम्बिका नगर | 50 वर्गगज | 236 | कृषि भूमि |
| 15. | नगीना/शरीफ | अम्बिका नगर | 50 वर्गगज | 235 | कृषि भूमि |
| 16. | मोहम्मद हनीफ/श्री मोहम्मद शरीफ | बसन्त विहार कॉलोनी | 216.66 वर्गगज | 12 | कृषि भूमि |
| 17. | श्रीमती रईसा/स्व. श्री अब्दुल शकुर | छावनी टोंक | 67.83 वर्गगज | 34 | कृषि भूमि |
| 18. | सुनिता चौधरी/कमलेश चौधरी, सुनिता चौधरी/हरीराम चौधरी | विकास विहार | 83.33 वर्गगज | 14 | कृषि भूमि |
| 19. | बालू लाल जाट/बजरंग लाल जाट | वैशाली नगर | 150 वर्गगज | 33 | कृषि भूमि |
| 20. | गीता देवी/शंकर लाल | द्वारिका नगरी कॉलोनी | 194.27 वर्गगज | 23 | कृषि भूमि |
| 21. | संतरा देवी/प्रभू लाल बैरवा | जगदीश नगर कॉलोनी | 100 वर्गगज | 357, 358 | कृषि भूमि |
| 22. | गुलजार मोहम्मद/सुलतान मोहम्मद खां | काफला बाजार टोंक | – | – | स्टेट ग्राण्ट |
| 23. | जगदीश लाल अहिर/अर्जुन लाल यादव | धोला खेडा | – | वार्ड नं. 56 | स्टेट ग्राण्ट |
| 24. | कल्लू खां/अल्लादिन | धन्ना तलाई | – | – | स्टेट ग्राण्ट |
| 25. | राबीया बी/अल्लादिन | धन्ना तलाई | – | – | स्टेट ग्राण्ट |
| 26. | रतिराम/भैरूलाल | बहीर टोंक | – | वार्ड नं. 07 | स्टेट ग्राण्ट |
| 27. | कन्हैया लाल/देवरकरण गुर्जर | निवाई दरवाजा टोंक | – | वार्ड नं. 46 | स्टेट ग्राण्ट |
| 28. | अखलाक अहमद/जमील खां | पुरानी टोक | – | वार्ड नं. 47 | स्टेट ग्राण्ट |
| 29. | राजकुमार/स्व.श्री भगवान दास | विकास नगर कालीपलटन टोंक | – | वार्ड नं. 51 | स्टेट ग्राण्ट |
| 30. | कैलाशी दवी/सत्यनारायण | बम्बोर गेट टोंक | – | वार्ड नं. 44 | स्टेट ग्राण्ट |
| 31. | सुरेश कुमार/स्व. श्री पन्ना लाल | धन्ना तलाई टोंक | – | वार्ड नं. 20 | स्टेट ग्राण्ट |
| 32. | बदाम देवी/स्व. श्री मदन लाल | धन्ना तलाई टोंक | – | वार्ड नं. 20 | स्टेट ग्राण्ट |
| 33. | सत्यनारायण साहू/नाथुलाल साहू | संघपुरा टोंक | – | वार्ड नं. 12 | स्टेट ग्राण्ट |
| 34. | लादू लाल/रामचंद | बहीर टोंक | – | वार्ड नं. 01 | स्टेट ग्राण्ट |
| 35. | फारूक अली/एहसान खांन | पुरानी टोंक | – | वार्ड नं. 12 | स्टेट ग्राण्ट |
| 36. | नारायण सैनी/छोटू लाल | पुरानी टोंक | – | वार्ड नं. 11 | स्टेट ग्राण्ट |
| 37. | नारायणी देवी/स्व. श्री प्रहलाद गुर्जर | बम्बोर गेट टोंक | – | – | स्टेट ग्राण्ट |
| 38. | नारायण/पूरण कोली | हीरा चौक पुरानी टोंक | – | वार्ड नं. 44 | स्टेट ग्राण्ट |
| 39. | प्रशान्त जलवानिया/राजीव जलवानिया | रूपाडी का बेडा कालीपलटन टोंक | – | वार्ड नं. 36 | स्टेट ग्राण्ट |
| 40. | नरेन्द्र कुमार जलवानिया/रामकरण जलवानिया | रूपाडी का बेडा कालीपलटन टोंक | – | वार्ड नं. 36 | स्टेट ग्राण्ट |
| 41. | त्रिलोक चन्द साहू/गुलाब चन्द | पुरानी टोंक | – | वार्ड नं. 47 | स्टेट ग्राण्ट |

यदि इस कार्य से किसी आम, खास को उज्र/आपत्ति हो तो परिषद में प्रकरण सम्बन्धित दस्तावेजात सहित 07 दिवस के भीतर-भीतर अपनी आपत्ति मय प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेजात सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और नियमानुसार चाहा गया पटटा जारी कर दिया जावेगा। राज.संवाद/सी/25/12523 आयुक्त

# भरतपुर में दीपावली स्नेह मिलन 24 को

**भरतपुर।** डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने जानकारी दी कि हरियाणा राज्य के भाजपा प्रभारी एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का जन्मदिवस व दीपावली स्नेह मिलन 24 अक्टूबर को श्रीनाथजी मंदिर, पूंछरी का लौठा में मनाया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने बताया डॉ पूनिया के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार 23 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों के खाते खुलवाए जाएंगे।

शाम 4:30 बजे भरतपुर स्थित अपना घर में प्रभुजनों के लिए भोजन प्रसादी कार्यक्रम रखा गया है।

शुक्रवार को जन्मदिवस पर पूंछरी का लौठा स्थित सुबह 7 बजे मुकुट मुखारविंद, सुबह 8;15 बजे श्रीनाथजी मंदिर व सुबह 10 बजे श्रीगोवर्धन जी दानघाटी मंदिर में डॉ सतीश पूनिया परिवार सहित पूजा अर्चना करेंगे उसके बाद सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीनाथजी मंदिर परिसर में (पूँछरी का लौठा) जन्मदिवस एवं दीपावली स्नेह मिलन मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान ही नहीं अन्य राज्यों से हजारों की बड़ी संख्या में गणमान्य महानुभाव मौजूद रहेंगे।

**खोया पाया**
मेरे मकान नम्बर- 174/31, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का NOC नम्बर-3008/3650, Date -30/06/2010 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें।
मधुलिका- 9785222207

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# 1500 से अधिक भक्तों ने पंगत प्रसादी पाई



भरतपुर में गिर्राज धरण के दर्शन कर 1500 भक्तों ने पायी अन्नकूट प्रसादी।

**भरतपुर** (निस)। प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज निकट लक्ष्मण मंदिर में गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि प्राचीन परम्परानुसार गोवर्धन पूजा के दिन मंदिर परिसर में अन्नकूष्ट महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फूल बंगला व रोशनी की विशेष सजावट की गई। इस अवसर पर श्री कृष्ण जी की गिर्राज पर्वत उठाते हुए गोवर की सुन्दर आकर्षक झांकी सजाई गई जिसका फूलों से श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया ने बताया कि पूजा अर्चना एवं महाआरती 12.15 बजे प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी यश अठावाल, रविन्द्र अठावाल, भूपेश अठावाल, मनु अठावाल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, मंदिर श्री बांके बिहारी ट्रस्ट के सतीश मित्तल मैनेजर, मंदिर कमेटी अध्यक्ष चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट, डॉ. डी.डी. गोयल, मोहन मित्तल, भगवानदास बंसल, रामलीला समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, पूर्व पार्षद कपिल फौजदार के आतिथ्य में हुई। मंदिर में 1500 से अधिक भक्तगणों ने कडी, चावल, बाजरा, खीर, मिक्स सब्जी, मूंग, लडडू, पापडी, सिंगाडे, पूआ, पूडी आदि की प्रसादी पायी एवं 3 बजे से दौना में अन्नकूट की प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर अतिथियों के अलावा विनोद सिंघल, हेमराज गोयल, जयपुर निवासी महेश चौधरी, निरोतीलाल अठावाल, एस.एन. अग्रवाल, अनिल गोयल मंहगाये वकाले, मनोज गर्ग, महेशचंद सिंघल, आदि मौजूद रहे।